No. of Printed Pages : 5 **Roll No. ....**

AJ–1239

B.Com. (Part-II)

Term End Examination, 2021-22

Corporate Accounting

(Paper-I)

Time : 3 hrs.] **[Maximum Marks : 75**

नोट – *सभी प्रश्नों के उत्तर दीजिए। सभी प्रश्नों के अंक समान हैं।*

Answer all questions. All questions carry equal marks.

[इकाई-1 / Unit-I]

1. कृष्णा लि० ने ₹ 10 वाले 6000 समता अंशों के लिए 10% प्रीमियम पर आवेदन आमन्त्रित करने के लिए प्रविवरण निर्गमित किया। इन अंशों के आवेदन पर ₹ 3 आवंटन पर, ₹ 5 (प्रीमियम सहित) और शेष राशि मांग पर देय है। निर्गमन के लिए 2½ गुना अभिदान प्राप्त हुआ। 20 अंशों से कम आवेदन पत्र (कुल 3000 अंश) अस्वीकृत कर दिए गए। 3000 अंशों के एक आवेदक को 500 अंश दिये गये। शेष को यथानुपात आवंटन किया गया। आवंटन राशि की सीमा तक अधिक राशि को रोक लिया गया। 150 अंशों के धारक आवंटन राशि का भुगतान करने में असमर्थ रहे। 225 अंशों के अंशधारी मांग राशि का भुगतान करने में असमर्थ रहे। उनके अंशों का हरण कर लिया गया। 150 हरण किये गये अंशों के समूह में से 75 अंश 20% प्रीमियम पर पुनर्निर्गमित कर दिये गये। आवश्यक रोजनामचा प्रविष्टि कीजिए।

Krishna Ltd. issued a prospectus with the object of inviting applications for 6000 equity shares of ₹ 10 each at a premium of 10% payable ₹ 3 on application, ₹ 5 (including premium) on allotment and the balance on call. The issue was subscribed to the extent of 2½ times. Application for shares below 20 (3000 shares in total) were rejected. An applicant for 3000 shares was given 500 shares. The remaining shares were allotted pro-rata. The excess amount to the extent of allotment dues was retained. Shareholders holding 150 shares failed to pay the allotment money. Share holders holding 225 shares failed to pay the call money and their shares were forfeited. 75 equity shares out of the lot of 150 shares were reissued at a premium of 20%. Give the necessary journal entries.

अथवा/OR

1 अप्रैल, 2011 को A लि० ने ₹ 500000 के 6% बन्धक ऋणपत्र निर्गमित किए। इनका भुगतान सममूल्य पर 1 अप्रैल 2016 को होना है। इनके शोधन के लिए एक सिंकिंग फण्ड के निर्माण करने का निर्णय लिया गया। यह मानते हुए कि वार्षिक विनियोजित राशि पर 5% की दर से शुद्ध ब्याज अर्जित होगा और इसलिए ₹ 90412.50 की राशि प्रत्येक वर्ष अलग रखी गयी है। 5 वर्ष के लिए A लि० की पुस्तकों में खाते बनाइये।

On 1st April 2011 A Ltd. issued 6% debentures for ₹ 5,00,000 redeemable at par on 1st April 2016. It was decided to establish sinking fund for the purpose of redemption. Show the ledger accounts in the books of A Ltd. for the five years assuming for the annually invested amount to earn 5% interest net and that the amount annually set aside for the purpose is ₹ 90412.50.

(P. T. O.)

[इकाई-2 / Unit-II]

2. 1 जुलाई, 2013 को एक्स लि० ने ऐच्छिक निस्तारक का निश्चय किया। उक्त तिथि का उसका चिट्ठा निम्न था :

	विवरण	**₹**
I	समता एवं दायित्व	
	अंशधारी कोष :	
	अंशपूँजी :	
	12000, 10% पूर्वाधिकार अंश प्रत्येक ₹ 10 का	1,20,000
	20,000 समता अंश, प्रत्येक ₹ 10 का	2,00,000
	संचय एवं आधिक्य :	
	लाभ हानि विवरण (विकलन शेष)	(30,000)
	गैर चालू दायित्व :	
	5% ऋणपत्र	60,000
	चालू दायित्व	
	व्यापारिक देय (लेनदार)	1,03,000
		4,53,000
II.	**सम्पत्तियाँ**	
	गैर चालू सम्पत्तियाँ :	
	स्थायी सम्पत्तियाँ :	
	मूर्त सम्पत्तियाँ	
	प्लान्ट	2,00,000
	चालू सम्पत्तियाँ	
	रहतिया	1,00,000
	व्यापारिक प्राप्य	1,50,000
	रोकड़ एवं रोकड़ समतुल्य	3,000
		4,53,000

पूर्वाधिकार अंशों पर लाभांश 30 जून, 2013 तक दिये जा चुके हैं। निस्तारक ने प्लाण्ट और स्टॉक ₹ 2,75,000 में बेचे तथा ₹ 25,000 का एक अशोध्य ऋण छोड़कर सभी देनदारों से वसूली कर ली। उसने सभी लेनदारों के दावे स्वीकार कर लिए जिनमें से ₹ 5,000 के पूर्वाधिकार थे। समापन व्यय ₹ 1600 हुए तथा ऋणपत्रों का भुगतान 31 दिसम्बर, 2014 को किया गया। निस्तारक का पारिश्रमिक वसूलियों का 2% तथा समता अंशधारियों को दी जाने वाली राशि के 2% के बराबर था। पूर्वाधिकार अंशों पर लाभांश का भुगतान समता अंशधारियों के पूर्व किया जाता है। आयकर को छोड़कर निस्तारक का अन्तिम विवरण खाता बनाइये।

X Ltd. went into voluntary liquidation on July 1, 2013. At that date the Balance Sheet was as follows:

	Particulars	**₹**
I.	**Equity & Liabilities**	
	Shareholders funds :	
	Share capital :	
	12000, 10% pref. shares of ₹ 10 each	1,20,000
	20,000 equity shares of ₹ 10 each.	2,00,000
	Reserves and surplus	
	Statement of profit & loss (Dr. Balance)	(30,000)
	Non-current liabilities	
	5% Debentures	60,000
	Current liabilities	
	Trade payable (creditors)	1,03,000
		4,53,000

II.	**Assets**	
	Non Current Assets :	
	Fixed Assets :	
	Tangible assets :	
	Plant2,00,000	
	Current Assets :	
	Inventories	1,00,000
	Trade receivable	1,50,000
	Cash and cash equivalent	3,000
		4,53,000

The dividends on the preference shares had been paid upto June 30, 2013. The liquidator sold the plant and stock for ₹ 2,75,000 and realised all the debts except one of ₹ 25,000 which proved to be irrecoverable. He admitted the claim of all the creditors, ₹ 5,000 of which were preferential. Expenses of liquidation amount to ₹ 1,600 and the December were repaid on December 31, 2014. The liquidator's remuneration was @ 2% on the amount realised and 2% on the amount distributed to the equity shareholders. Dividend on Pref. shares is paid before payment is made to equity share holders. Ignoring income-tax prepare liquidator's final statement of Account.

अथवा/OR

कम्पनी अधिनियम, 2013 के अन्तर्गत एक कम्पनी के अन्तिम लेखों को तैयार करने एवं प्रस्तुत करने के सम्बन्ध में कौन से नियम हैं ? व्याख्या कीजिए।

What are the rules regarding the preparation and presentation of the Final Accounts of a Company under the Companies Act, 2013 ? Explain.

[इकाई-3 / Unit-III]

3. ख्याति की अवधारणा का वर्णन कीजिए और इसके मूल्यांकन की विभिन्न विधियों को स्पष्ट कीजिए।

Describe the concept of goodwill and explain the various methods of its evaluation.

अथवा/OR

अंशों के मूल्यांकन की आवश्यकता क्यों पड़ती है ? अंशों के मूल्यांकन की विभिन्न पद्धतियों को समझाइये।

Why does the need of valuation of shares arise ? Explain the various methods of valuation of shares.

[इकाई-4 / Unit-IV]

4. 31 मार्च, 2020 को दो कम्पनियों के चिट्ठे निम्न प्रकार थे :

The Balance Sheet of two Companies as at 31st March, 2020 was as follows :

	विवरण (Particulars)	मधुरिमा लि० Madhurima Ltd.	मधुलिका लि० Madulika Ltd.
I.	**समता अंश एवं दायित्व (Equity and Liabilities)**		
	अंश पूँजी : (Share capital)		
	75000 समता अंश प्रत्येक ₹ 10 का (Equity shares of ₹ 10 each)		7,50,000
	30000 समता अंश प्रत्येक ₹ 10 का (Equity share of ₹ 10 each)	-	3,00,000
	संचय एवं आधिक्य (Reserves & Surplus)		
	पूँजी संचय (Capital Reserve)	75,000	6,500
	सामान्य संचय (General Reserve)	3,12,750	37,675
	लाभ हानि विवरण (Statement of Profit & Loss)	92,650	12,050
	वैधानिक संचय (विकास अलाउन्स संचय) Statutory Reserve (Development allowance reserve)	-	4,850
	गैर चालू दायित्व (Non-Current Liabilities)		
	1500, 10% ऋणपत्र प्रत्येक ₹ 10 का (10% Debenture of ₹ 100 each)	-	1,50,000
	चालू दायित्व (Current Liabilities)		
	व्यापारिक देय (Trade Payable)	1,80,350	91,250
		14,10,750	**6,02,325**

II.	**सम्पत्तियाँ :** **(Assets)**		
	गैर चालू सम्पत्तियाँ (Non-Current Assets)		
	स्थायी सम्पत्तियाँ (Fixed Assets)		
	मूर्त सम्पत्तियाँ (Tangible Assets)		
	मशीनरी (Machinery)	8,05,000	2,75,000
	कार्यालय फर्नीचर (Office Furniture)	97,200	67,600
	चालू सम्पत्तियाँ (Current Assets) :		
	रहतिया (Inventories)	3,52,750	1,57,900
	रोकड़ एवं रोकड़ समतुल्य (Cash and cash equivalents)	99,200	64,650
	अन्य चालू सम्पत्तियाँ (Other Current Assets)		
	असमापित व्यय-ऋणपत्रों के निर्गमन पर कटौती (Unamortised Expenses -Discount on issue of debentures)	-	3,050
		14,10,750	**6,02,325**

इस तिथि को मधुरिमा लि० द्वारा मधुलिका लि० के व्यवसाय को ₹ 3,30,000 में लिया गया। क्रय प्रतिफल का भुगतान मधुरिमा लि० द्वारा ₹ 10 वाले 33,000 समता अंशों को सममूल्य पर आवंटित कर किया गया।

एकीकरण की योजना यह प्रबन्ध करती है कि मधुलिका लि० के 1,500, 10% ऋणपत्र मधुरिमा लि० के ₹ 100 वाले 12% ऋणपत्रों के समान संख्या में परिवर्तित हो जायेंगे। आप दोनों कम्पनियों की पुस्तकों में आवश्यक पंजी प्रविष्टियाँ कीजिए। क्रय की प्रकृति का एकीकरण पूर्ण होने के उपरान्त मधुरिमा लि० का चिट्ठा तैयार कीजिए।

On this date, Madhurima Ltd. took over the business of Madhulika Ltd. for ₹ 3,30,000. Discharge of purchases consideration by allotment of 33,000 equity shares of ₹ 10 each at par by Madhurima Ltd.

The scheme of amalgamation also provided that 1500, 10% Debenture of Madhulika Ltd. would be converted into equal number of 12% debentures of Madhurima Ltd. of ₹ 100 each.

You are required to pass the necessary journal entries in the books of both the companies. Prepare a Balance Sheet of Madurima Ltd. after the amalgamation in the nature of purchase has been completed.

अथवा/OR

कम्पनी के आन्तरिक पुनर्निर्माण से क्या तात्पर्य है ? उन परिस्थितियों को बताइये जिनमें आन्तरिक पुनर्निर्माण आवश्यक हो जाता है ?

What is meant by Internal Reconstruction of a company ? State the circumstances in which internal reconstruction becomes necessary ?

[इकाई-5 / Unit-V]

5. सूत्रधारी कम्पनी के समेकित वित्तीय विवरण के सम्बन्ध में लेखांकन प्रमाप-21 की विस्तृत विवेचना कीजिए।

Discuss in detail Accounting Standard-21 in relation with consolidated financial statement of a holding parent company.

अथवा/OR

सूत्रधारी तथा सहायक कम्पनियों के संक्षिप्त चिट्ठे दिये गये हैं, जो 31 मार्च, 2020 की वित्तीय स्थिति प्रदर्शित करते हैं :

Summarised Balance Sheet of Holding and Subsidiary Companies are given which show the Financial position as at 31st March 2020 :

	विवरण (Particulars)	सूत्रधारी कम्पनी Holding Co.	सहायक कम्पनी Subsidiary Co.
I.	**समता एवं दायित्व (Equity and Liabilities)**		
	अंशधारी कोष (Shareholder's funds)		
	अंश पूँजी (Share capital)	4,00,000	80,000
	संचय एवं आधिक्य : (Reserves and Surplus)		
	संचय (Reserves)	1,60,000	60,000
	लाभ हानि विवरण आधिक्य : (Statement of Profit & Loss-Surplus)	80,000	20,000
	चालू दायित्व : (Current Liabilities)		
	व्यापारिक देयताएँ : (Trade Payables)		
	लेनदार (Creditors)	1,20,000	40,000
	देय विपत्र (Bills Payable)	10,000	5,000
		7,70,000	**2,05,000**
II.	**सम्पत्तियाँ (Assets)**		
	गैर चालू सम्पत्तियाँ		
	स्थायी सम्पत्तियाँ		
	मूर्त सम्पत्तियाँ :		
	संयन्त्र एवं मशीनें	2,40,000	72,000
	फर्नीचर	40,000	13,600
	सहायक कम्पनियों में निवेश लागत पर		
	(6000 अंश प्रति अंश सममूल्य ₹ 10 का)	1,28,000	-
	(Investment in subsidiary at cost		
	+ 6000 shares of ₹10 per value)		
	चालू सम्पत्तियाँ : (Current Assets)		
	अन्य सम्पत्तियाँ (Other Assets)	3,62,000	1,19,400
		7,70,000	**2,05,000**

निम्न सूचनाओं को ध्यान में रखते हुए समेकित चिट्ठा बनाइये।

Prepare consolidated Balance Sheet keeping note of information.

(क) क्रय तिथि पर सहायक कम्पनी के संचय तथा लाभ शेष क्रमशः ₹ 20,000 तथा ₹ 12,000 थे।

Reserves and Profit Balance in subsidiary on the date of purchase are ₹ 20,000 and ₹ 12,000 respectively.

(ख) क्रय तिथि पर संयंत्र एवं मशीनों का सहायक कम्पनी में पुनर्मूल्यांकन किया गया। सयन्त्र एवं मशीनों की लागत ₹ 80,000 थी। उसे ₹ 1,00,000 तथा फर्नीचर जो कि ₹ 16,000 लागत का था, ₹ 12,000 किया गया। परन्तु अभी इन परिवर्तनों का कोई लेखा नहीं किया गया।

Plant & Machines have been revalued on date of purchase. Plant & Machinery costing ₹ 80,000 was revalued at ₹ 1,00,000 and furniture costing ₹ 16,000 was revalued at ₹ 12000. But these changes have not been recorded so far.